futuretopper.in

Series : HMJ/4

SET – 2

कोड नं.
Code No. 67/4/2

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

	नोट		NOTE
(I)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।	(I)	Please check that this question paper contains **31** printed pages.
(II)	प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।	(II)	Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
(III)	कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।	(III)	Please check that this question paper contains **32** questions.
(IV)	**कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**	(IV)	**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
(V)	इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।	(V)	15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***दो*** *भागों में विभाजित हैं – भाग-क एवं भाग-ख ।*
प्रश्न-पत्र में ***32*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***खण्ड-क*** *सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है ।*

(iii) ***खण्ड-ख*** *में दो विकल्प दिए गए हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।* ***खण्ड-ख*** *में से किसी* ***एक*** *विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(iv) *चयनित विकल्प के प्रश्नों का उत्तर आरम्भ करने से पूर्व उत्तर पुस्तिका पर चयन किए गए विकल्प का शीर्षक अवश्य लिखें ।*

(v) *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***13*** *तथा प्रश्न संख्या* ***23*** *से* ***29*** *तक अति-लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

(vi) *प्रश्न संख्या* ***14*** *तथा* ***30*** *लघुउत्तरीय प्रकार-****1*** *के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है ।*

(vii) *प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***18*** *तथा* ***31*** *लघुउत्तरीय प्रकार-****2*** *के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंक का है ।*

(viii) *प्रश्न संख्या* ***19*** *से* ***20*** *तथा* ***32*** *दीर्घउत्तरीय प्रकार-****1*** *के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंक का है ।*

(ix) *प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***22*** *दीर्घउत्तरीय प्रकार-****2*** *के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***8*** *अंक का है ।*

(x) *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए । किसी भाग के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

(xi) *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालांकि तीन-तीन अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, चार-चार अंकों वाले* ***2*** *प्रश्नों में, छः-छः अंकों वाले* ***1*** *प्रश्न में और आठ-आठ अंक वाले* ***2*** *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया हैं ।* ***आपको ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना है ।***

(xii) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ अलग-अलग यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

खंड – क

(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कंपनियों के लिए लेखांकन)

1. जब फर्म का व्यवसाय गैर-कानूनी हो जाए, तो फर्म के विघटन का तरीका है _____। **1**

2. आय एवं व्यय खाते में अभिलिखित किया जाता है :
   (a) आयगत एवं पूँजीगत दोनों प्रकृति की प्राप्तियाँ एवं भुगतान ।
   (b) केवल आयगत प्रकृति के आय एवं व्यय ।
   (c) केवल पूँजीगत प्रकृति के व्यय ।
   (d) केवल आयगत प्रकृति की प्राप्तियाँ । **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper comprises **two** PARTS – **A** and **B**. There are 32 questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

(ii) ***Part - A** is compulsory for all candidates.*

(iii) ***Part - B** has **two** options i.e. (i) Analysis of Financial Statement and (ii) Computerized Accounting. You have to attempt only **one** of the given OPTIONS.*

(iv) *Heading of the option opted must be written on the Answer-Book before attempting the questions of that particular OPTION.*

(v) *Question number **1** to **13** and **23** to **29** are very short answer type questions carrying **1** mark each.*

(vi) *Question number **14** and **30** are short answer type-I questions carrying **3** marks each.*

(vii) *Question number **15** to **18** and **31** are short answer type-II questions carrying **4** marks each.*

(viii) *Question number **19** to **20** and **32** are also long answer type-I questions carrying **6** marks each.*

(ix) *Question number **21** and **22** are long answer type-II questions carrying **8** marks each.*

(x) *Answer should be brief and to the point. The answer of each part should be written at one place.*

(xi) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **2** questions of three marks, **2** questions of four marks, **1** question of six marks and **2** questions of eight marks. You have to **attempt only one of the choices** in such questions.*

(xii) *However, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

PART – A
(Accounting for Not-for-profit-organizations, Partnership Firms and Companies)

1. When the business of the firm becomes illegal, the way of dissolution of the firm is _____. **1**

2. Income and Expenditure Account records :
   (a) Receipts and Payments of Revenue and Capital nature both.
   (b) Income and Expenditure of Revenue nature only.
   (c) Expenditure of Capital nature only.
   (d) Receipts of Revenue nature only. **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

3. एक फर्म की मूर्त सम्पत्तियाँ ₹ 14,00,000 तथा बाह्य देयताएँ ₹ 4,00,000 हैं । फर्म का लाभ ₹ 1,50,000 तथा प्रतिफल की सामान्य दर 10% है । विनियोजित पूँजी की राशि होगी :

(a) ₹ 10,00,000 (b) ₹ 1,00,000
(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 20,000 **1**

4. निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए प्रतिभूति अधिलाभ राशि का उपयोग नहीं किया जा सकता ?

(a) अंशधारियों को पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए ।
(b) अंशधारियों को आंशिक प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए ।
(c) कम्पनी के प्रारंभिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए ।
(d) अपने ही अंशों को क्रय करने के लिए (पुनःक्रय) । **1**

5. मोहित, शोभित तथा रोहित साझेदार हैं तथा लाभ-हानि का विभाजन 2 : 1 : 1 के अनुपात में करते हैं । रोहित को ₹ 14,000 लाभ की गारंटी दी गई है । वर्ष के दौरान फर्म को ₹ 20,000 का लाभ हुआ । मोहित तथा शोभित द्वारा वहन की जाने वाली कमी की राशि की गणना कीजिए । **1**

6. अव्या, दिव्या तथा काव्या समान साझेदार थीं । उन्होंने लाभ-विभाजन अनुपात को 4 : 3 : 2 में परिवर्तित करने का निर्णय लिया । इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 90,000 किया गया । लाभ-विभाजन अनुपात में परिवर्तन पर ख्याति के अभिलेखन के लिए रोज़नामचा प्रविष्टि होगी :

विवरण		नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
(a) काव्या का पूँजी खाता	नाम	10,000	
अव्या का पूँजी खाता			10,000
(b) दिव्या का पूँजी खाता	नाम	10,000	
अव्या का पूँजी खाता			10,000
(c) अव्या का पूँजी खाता	नाम	90,000	
काव्या का पूँजी खाता			90,000
(d) अव्या का पूँजी खाता	नाम	10,000	
काव्या का पूँजी खाता			10,000

1

7. अमला, बिमला तथा कविता साझेदार थे और 4 : 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । बिमला सेवानिवृत्त होती है और अपने लाभ के भाग को ₹ 3,600 में अमला को तथा ₹ 3,000 में कविता को देती है । अमला तथा कविता का अधिलाभ अनुपात होगा :

(a) 4 : 5 (b) 2 : 1
(c) 6 : 5 (d) 4 : 1 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

3. Tangible Assets of the firm are ₹ 14,00,000 and outside liabilities are ₹ 4,00,000. Profit of the firm is ₹ 1,50,000 and normal rate of return is 10%. The amount of Capital employed will be

(a) ₹ 10,00,000 (b) ₹ 1,00,000
(c) ₹ 50,000 (d) ₹ 20,000 **1**

4. Which of the following is not a purpose for which the Securities Premium amount can be used ?

(a) Issuing fully paid bonus shares to shareholders.
(b) Issuing partly paid up bonus shares to shareholders.
(c) Writing off preliminary expenses of the company.
(d) In purchasing its own shares (buy back) **1**

5. Mohit, Shobhit and Rohit are partners sharing profits and losses in the ratio 2 : 1 : 1. Rohit is guaranteed a profit of ₹ 14,000. The firm incurred a profit of ₹ 20,000 during the year. Calculate the amount of deficiency borne by Mohit and Shobhit. **1**

6. Avya, Divya and Kavya were equal partners. They decided to change the profit sharing ratio to 4 : 3 : 2. For this purpose the goodwill of the firm was valued at ₹ 90,000.

The journal entry for the treatment of Goodwill on change in profit sharing ratio will be :

Particular	Debit Amt. (₹)	Credit Amt. (₹)
(a) Kavya's Capital A/c. Dr. To Avya's Capital A/c.	10,000	 10,000
(b) Divya's Capital A/c. Dr. To Avya's Capital A/c.	10,000	 10,000
(c) Avya's Capital A/c. Dr. To Kavya's Capital A/c.	90,000	 90,000
(d) Avya's Capital A/c. Dr. To Kavya's Capital A/c.	10,000	 10,000

1

7. Amla, Bimla and Kavita were partners sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 1. Bimla retires and gives her share of profit to Amla for ₹ 3,600 and to Kavita for ₹ 3,000. The gaining ratio of Amla and Kavita will be :

(a) 4 : 5 (b) 2 : 1
(c) 6 : 5 (d) 4 : 1 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. पूँजीगत संचय का सृजन _____ लाभों में से किया जाता है । **1**

9. अनिता तथा बबिता साझेदार थीं तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती थीं । लाभों में 1/5 वें भाग के लिए सविता ने फर्म में प्रवेश किया । सविता अपने भाग की ख्याति प्रीमियम की राशि नगद लाने में असमर्थ थी । ख्याति प्रीमियम के लिए अभिलिखित रोजनामचा प्रविष्टि नीचे दी गई है :

तिथि	विवरण	खाता पृ.सं.	नाम राशि (₹)	जमा राशि (₹)
	सविता का चालू खाता नाम		24,000	
	अनिता का पूँजी खाता			8,000
	बबिता का पूँजी खाता			16,000
	(सविता के प्रवेश पर ख्याति प्रीमियम का समायोजन)			

अनिता, बबिता तथा सविता का नया लाभ अनुपात होगा :

(a) 41 : 7 : 12 (b) 13 : 12 : 10

(c) 3 : 1 : 1 (d) 5 : 3 : 2 **1**

10. एक अलाभकारी संगठन के 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों से निम्नलिखित सूचना उद्धृत की गई है ।

विवरण	राशि (₹)
मैच कोष का आरम्भिक शेष	5,00,000
मैच टिकटों का विक्रय	3,75,000
मैच कोष के लिए वर्ष के दौरान प्राप्त दान	1,24,000
मैच व्यय	10,00,000

अलाभकारी संगठन के वित्तीय विवरणों में उपरोक्त मदों को दर्शाने के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सत्य है ?

(a) मैच कोष का ऋणात्मक शेष ₹ 1,000, 31 मार्च, 2019 के स्थिति विवरण के देयता पक्ष में दर्शाया जाएगा ।

(b) मैच कोष का आरम्भिक शेष ₹ 5,00,000, 1-4-2018 के स्थिति विवरण के देयता पक्ष में दर्शाया जाएगा ।

(c) मैच कोष का ऋणात्मक शेष, ₹ 1,000, 31-3-2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय एवं व्यय खाते के व्यय पक्ष की ओर दर्शाया जाएगा ।

(d) (b) तथा (c) दोनों **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

8. Capital Reserve is created out of _____ profits. **1**

9. Anita and Babita were partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. Savita was admitted for 1/5th share in the profits. Savita was unable to bring her share of goodwill premium in cash. The journal entry recorded for goodwill premium is given below :

Date	Particular	LF	Debit Amt. (₹)	Credit Amt. (₹)
	Savita's Current A/c. Dr. To Anita's Capital A/c. To Babita's Capital A/c. (Being adjustment of goodwill premium on Savita's Admission)		24,000	 8,000 16,000

The new profit sharing ratio of Anita, Babita and Savita, will be

(a) 41 : 7 : 12 (b) 13 : 12 : 10

(c) 3 : 1 : 1 (d) 5 : 3 : 2 **1**

10. The following information has been extracted from the financial statements of a not-for-profit-organization for the year ended 31st March, 2019.

Particulars	Amount (₹)
Opening balance of Match Fund	5,00,000
Sale of Match tickets	3,75,000
Donation for Match Fund received during the year	1,24,000
Match expenses	10,00,000

Which of the following statements is correct for the presentation of the above items in the financial statements of the not-for-profit-organization ?

(a) Negative Balance of Match fund ₹ 1,000 will be shown on the liabilities side of the Balance sheet as at 31st March, 2019.

(b) Opening Balance of Match Fund ₹ 5,00,000 will be shown on the liabilities side of Balance Sheet as at 1-4-2018.

(c) Negative balance of match fund, ₹ 1,000 will be shown on the expenditure side of the Income and Expenditure Account for the year ended 31-3-2019.

(d) Both (b) and (c). **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. अवकाश ग्रहण की स्थिति में, यदि सेवानिवृत्त साझेदार को देय राशि का पूर्ण अथवा कोई भाग अभी भी भुगतान के लिए शेष है और साझेदारों के बीच कोई समझौता नहीं है तो सेवानिवृत्त साझेदार को मिलेगा :

(i) शेष राशि पर 6% प्रति वर्ष की दर से ब्याज ।

(ii) फर्म की कुल पूँजी में उसको देय राशि के अनुपात में लाभ में अर्जित भाग ।

(iii) शेष राशि पर 9% प्रति वर्ष की दर से ब्याज ।

निम्नलिखित में से क्या सही है ?

(a) (i) (b) (ii)

(c) (iii) (d) (i) तथा (ii) में से कोई भी जिसे वह चाहता है । **1**

12. _____ पूँजी खाते सदैव जमा शेष दर्शाते हैं । **1**

13. एक कम्पनी जब ऋणपत्रों का शोधन केवल लाभों में से करने की योजना बनाती है, तो अदत्त ऋणपत्रों के अंकित मूल्य का न्यूनतम _____ % लाभांश के भुगतान के लिए उपलब्ध आधिक्य में से ऋणपत्र शोधन संचय में स्थानान्तरित किया जाएगा । **1**

14. 31 मार्च, 2018 को एस एस लिमिटेड के ₹ 100 प्रत्येक के 50,000, 10% ऋणपत्र अदत्त थे । ये ऋणपत्र 31 मार्च, 2019 को शोधनीय थे । 31 मार्च, 2018 को ऋणपत्र शोधन संचय में ₹ 5,00,000 का शेष था ।

ब्याज की प्रविष्टियों को छोड़कर ऋणपत्रों के शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

अथवा

1 अप्रैल, 2018 को एक्स लिमिटेड के ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 12% ऋणपत्र थे । निर्गमन की शर्तों के अनुसार ऋणपत्रों पर ब्याज अर्द्धवार्षिक 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय है तथा स्रोत पर कर कटौती की दर 10% है ।

वर्ष 2018-19 के लिए ऋणपत्रों पर ब्याज की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

15. निम्नलिखित सूचना से 31-03-2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शारदा क्लब के आय तथा व्यय खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली खेल (स्पोर्टस) सामग्री की राशि की गणना कीजिए ।

विवरण	**1-4-2018 (₹)**	**31-3-2019 (₹)**
खेल सामग्री का स्टॉक	2,00,000	2,50,000
खेल सामग्री के लेनदार	3,50,000	2,90,000
खेल सामग्री के लिए अग्रिम भुगतान	70,000	1,10,000

अतिरिक्त सूचना :

वर्ष में खेल सामग्री का नगद क्रय ₹ 1,79,000 था । वर्ष में खेल सामग्री के देनदारों को ₹ 2,40,000 का भुगतान किया गया । **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

11. In the case of retirement, if full or part of the amount payable to the retiring partner still remains to be paid, and there is no agreement among the partners then retiring partner will get
(i) Interest @ 6% p.a on the Balance amount.
(ii) Share of profit earned proportionate to his amount outstanding to total capital of the firm.
(iii) Interest @ 9% p.a. on the balance amount.
Which out of the following is correct ?
(a) (i) (b) (ii)
(c) (iii) (d) Have a choice to get either (i) or (ii) **1**

12. _____ capital accounts always show a credit balance. **1**

13. When a company plans to redeem its debentures out of profits, it should transfer minimum _____ % of the face value of the outstanding debentures to Debenture Redemption Reserve out of surplus available for payment of dividend. **1**

14. On 31st March 2018 SS Ltd. had 50,000 10% debentures of ₹ 100 each outstanding . These debentures were due for redemption on 31st March, 2019. Debenture Redemption Reserve has a balance of ₹ 5,00,000 on 31st March, 2018.
Ignoring the entries for interest, pass the necessary journal entries for redemption of debentures. **3**

OR

X Ltd. has 4,000 12% debentures of ₹ 100 each on 1st April, 2018. According to the terms of issue interest on debentures is payable half yearly on 30th September and 31st March and the rate of tax deducted at source is 10%.
Pass necessary journal entries for interest on debentures for the year 2018-19. **3**

15. From the following information, calculate the amount of sports material that will be debited to Income and Expenditure Account of Sharda Club for the year ended 31-03-2019.

Particulars	**1-4-2018 (₹)**	**31-3-2019 (₹)**
Stock of Sports material	2,00,000	2,50,000
Creditors for sports material	3,50,000	2,90,000
Advance paid for sports material	70,000	1,10,000

Additional Information :
Cash purchase of sports material during the year was ₹ 1,79,000. ₹ 2,40,000 were paid to the creditors of sports material during the year. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

16. 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वन्दना म्यूजिक क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते तथा दी गई अतिरिक्त सूचना से 31-03-2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए :

31-03-2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वंदना म्यूजिक क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		राशि (₹)	भुगतान		राशि (₹)
शेष नीचे लाए			मानदेय		1,42,000
रोकड़	20,000		संगीत यन्त्र		70,000
बैंक	30,000	50,000	बिजली बिल		40,000
चन्दा :			शेष नीचे ले गए		
2017-18	13,000		रोकड़	22,000	
2018-19	4,00,000		बैंक	1,91,000	
2019-20	47,000	4,60,000	स्थायी जमा		
लॉकर किराया		30,000	31-3-2019 को 7%		
पुराने फर्नीचर का विक्रय			वार्षिक ब्याज दर से	2,30,000	4,43,000
(पुस्तक मूल्य ₹ 12,000)		16,000			
भवन कोष दान		38,000			
आजीवन सदस्यता शुल्क		91,000			
प्रवेश शुल्क		10,000			
		6,95,000			**6,95,000**

अतिरिक्त सूचना :

क्लब के 450 सदस्य थे तथा प्रत्येक सदस्य ₹ 1,000 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता है । संगीत यन्त्रों का क्रय 1-10-2018 को किया गया । संगीत यंत्रों पर 20% वार्षिक दर से मूल्यह्रास लगाना था । **4**

17. अ तथा ब साझेदार हैं तथा लाभ-हानि 3 : 2 के अनुपात में बाँटते हैं । 31 मार्च, 2018 को सभी समायोजनों के पश्चात उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,65,500 तथा ₹ 1,27,600 थी ।

आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाने के पश्चात् वर्ष 2017-18 के लाभ ₹ 50,000 का बँटवारा किया गया । वर्ष में अ ने प्रत्येक तीसरे महीने के आरम्भ में ₹ 15,000 का आहरण किया तथा ब ने वर्षभर में ₹ 40,000 का आहरण किया । साझेदारी संलेख में आहरण पर ब्याज का प्रावधान नहीं है परन्तु पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान है । पूँजी पर ब्याज नहीं लगाया गया ।

अपने कार्य को स्पष्ट दर्शाते हुए उपरोक्त त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक रोज़नामचा समायोजन प्रविष्टि कीजिए । **4**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

16. From the following Receipts and Payments Account of Vandana Music Club for the year ended 31st March, 2019 and additional information, Prepare Income and Expenditure Account for the year ended 31-03-2019.

Receipts and Payments Account of Vandana Music Club for the year ended 31-03-2019

Receipts	Amount (₹)	Payments	Amount (₹)
To Balance b/d		By Honorarium	1,42,000
Cash 20,000		By Musical Instruments	70,000
Bank 30,000	50,000	By Electricity Bill	40,000
To Subscriptions :		By Balance c/d	
2017-18 13,000		Cash 22,000	
2018-19 4,00,000		Bank 1,91,000	
2019-20 47,000	4,60,000	Fixed deposit	
To Locker Rent	30,000	@7% p.a on	
To Sale of Old furniture (book value ₹ 12,000)	16,000	31-3-2019 2,30,000	4,43,000
To Building Fund Donations	38,000		
To Life Membership Fees	91,000		
To Entrance Fees	10,000		
	6,95,000		**6,95,000**

Additional Information :

The Club had 450 members each paying an annual subscription of ₹ 1,000. Musical Instruments were purchased on 1-10-2018. Depreciation @ 20% p.a. was to be charged on Musical Instruments. **4**

17. A and B are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their capital on 31st March, 2018 after all adjustments stood at ₹ 1,65,500 and ₹ 1,27,600 respectively.

Profits amounting to ₹ 50,000 for the year 2017-18 were distributed after allowing interest on drawings @ 12% p.a. During the year A withdrew ₹ 15,000 at the beginning of every quarter and B withdrew ₹ 40,000 during the year. Partnership deed is silent on interest on drawings but provides for interest on Capital @ 5% p.a. Interest on Capital has not been provided.

Showing your workings clearly, pass the necessary adjustment entry to rectify the above errors. **4**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

अरुण, शोभा तथा युवराज एक फर्म के साझेदार थे । 1 अप्रैल, 2018 को उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000, ₹ 50,000 तथा ₹ 50,000 थी ।

साझेदारी संलेख के अनुसार :

(i) प्रत्येक साझेदार को ₹ 20,000 वार्षिक वेतन का प्रावधान था ।

(ii) पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देय था ।

(iii) लाभ 3 : 1 : 1 के अनुपात में बाँटे जाने थे । 31 मार्च, 2019 को फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 90,000 था ।

उपरोक्त के लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **4**

18. करीम, सलीम तथा रहीम एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 4 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । 1-10-2019 को करीम का देहान्त हो गया । करीम के देहान्त पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,50,000 किया गया । देहान्त के वर्ष में फर्म के लाभ में करीम के भाग की गणना पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जानी थी । पिछले चार वर्षों का लाभ 2015-16 ₹ 1,70,000; 2016-17 ₹ 1,30,000, 2017-18 ₹ 1,90,000 तथा 2018-19 ₹ 1,10,000 था । उसके देहान्त पर करीम के निष्पादकों को देय कुल राशि ₹ 7,35,000 थी । जिसका भुगतान 15-10-2019 को किया गया ।

फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **4**

19. हरीश तथा गोपाल एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2018 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31 मार्च, 2018 को हरीश तथा गोपाल का स्थिति विवरण

देयताएँ		**राशि (₹)**	**सम्पत्तियाँ**	**राशि (₹)**
लेनदार		36,000	नगद	47,000
अदत्त व्यय		10,000	बैंक	93,000
गोपाल की पत्नी का ऋण		50,000	देनदार	76,000
पूँजी :			स्टॉक	2,00,000
हरीश	2,80,000		फर्नीचर	20,000
गोपाल	1,60,000	4,40,000	पट्टे पर परिसर	1,00,000
		5,36,000		**5,36,000**

उपरोक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया । विभिन्न सम्पत्तियाँ बेची गई तथा देयताओं का निपटान निम्न प्रकार से किया गया :

(i) गोपाल अपनी पत्नी का ऋण भुगतान करने के लिए सहमत हो गया ।

(ii) पट्टे पर परिसर से ₹ 1,50,000 प्राप्त हुए तथा देनदारों से ₹ 12,000 कम प्राप्त हुए ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

Arun, Shobha and Yuvraj were partners in a firm. On 1st April, 2018 their Fixed Capitals Stood at ₹ 1,00,000, ₹ 50,000 and ₹ 50,000 respectively.

As per the provisions of partnership deed,

(i) Partners were entitled to an annual salary of ₹ 20,000 each.

(ii) Interest on Capital @ 10% p.a. was to be provided.

(iii) Profits were to be shared in the ratio 3 : 1 : 1. Net profit for the year ended 31st March, 2019 was ₹ 90,000.

Pass Journal Entries for the above in the books of the firm. **4**

18. Karim, Saleem and Raheem were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 4 : 3. The firm closes its books on 31st March every year. On 1-10-2019 Karim died. On Karim's death the goodwill of the firm was valued at ₹ 3,50,000. Karim's share in the profits of the firm in the year of his death was to be calculated on the basis of average profits of last four years. The profits for the last four years were 2015-16 ₹ 1,70,000; 2016-17 ₹ 1,30,000; 2017-18 ₹ 1,90,000 and 2018-19 ₹ 1,10,000. The total amount payable to Karim's executors on his death was ₹ 7,35,000. It was paid on 15-10-2019.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. **4**

19. Harish and Gopal were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. On 31st March, 2018, their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of Harish and Gopal as at March 31, 2018

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Creditors		36,000	Cash	47,000
Outstanding expenses		10,000	Bank	93,000
Gopal's wife's loan		50,000	Debtors	76,000
Capitals :			Stock	2,00,000
Harish	2,80,000		Furniture	20,000
Gopal	1,60,000	4,40,000	Leasehold premises	1,00,000
		5,36,000		**5,36,000**

On the above date the firm was dissolved. The various assets were realized and liabilities were settled as under :

(i) Gopal agreed to pay his wife's loan.

(ii) Leasehold premises realised ₹ 1,50,000 and Debtors ₹ 12,000 less.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(iii) आधे लेनदार अपने दावे के पूर्ण निपटान के लिए फर्म का फर्नीचर लेने को सहमत हो गए तथा शेष आधे 10% कम लेने के लिए सहमत हुए ।

(iv) 50% स्टॉक को हरीश ने ₹ 90,000 में चैक द्वारा भुगतान करके ले लिया तथा शेष स्टॉक को ₹ 94,000 में बेचा गया ।

(v) ₹ 10,000 वसूली व्यय का भुगतान गोपाल ने फर्म के लिए किया ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । **6**

अथवा

सुधा, नरेश तथा गीता एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 6,00,000; ₹ 4,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थी । पूँजी के अतिरिक्त गीता ने फर्म को ₹ 75,000 ऋण दिया हुआ था । उनके साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 9% वार्षिक दर से ब्याज

(ii) साझेदारों के आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज

(iii) सुधा को ₹ 30,000 मासिक तथा नरेश को ₹ 40,000 प्रति तीन माह वेतन ।

(iv) गीता के ऋण पर 9% वार्षिक दर से ब्याज ।

वर्ष में सुधा ने प्रत्येक तीन माह के अन्त में ₹ 50,000 का आहरण किया, नरेश ने प्रत्येक अर्ध वर्ष के आरम्भ में ₹ 50,000 का आहरण किया तथा गीता ने प्रत्येक अर्ध वर्ष के अन्त में ₹ 70,000 का आहरण किया ।

गीता के ऋण पर ब्याज लगाने से पूर्व 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष में फर्म का लाभ ₹ 7,06,750 था ।

लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए । **6**

20. निम्न स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 2,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया तथा इनका शोधन 15% प्रीमियम पर करना है ।

(ii) ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया गया तथा इनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है ।

(iii) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 10,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया तथा इनका शोधन 12.5% प्रीमियम पर करना है । **6**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(iii) Half of the creditors agreed to accept furniture of the firm as full settlement of their claim and remaining half agreed to accept 10% less.

(iv) 50% stock was taken over by Harish on payment by cheque of ₹ 90,000 and remaining stock was sold for ₹ 94,000.

(v) Realization expenses of ₹ 10,000 were paid by Gopal on behalf of the firm.

Prepare Realization Account. **6**

OR

Sudha, Naresh and Geeta were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 3 : 2. Their fixed capitals were ₹ 6,00,000; ₹ 4,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. Besides her capital Geeta had given a loan of ₹ 75,000 to the firm. Their partnership deed provided for the following :

(i) Interest on capital @ 9% p.a.

(ii) Interest on partners' drawings @ 12% p.a.

(iii) Salary to Sudha ₹ 30,000 per month and to Naresh ₹ 40,000 per quarter.

(iv) Interest on Geeta's loan @ 9% p.a.

During the year Sudha withdrew ₹ 50,000 at the end of each quarter; Naresh withdrew ₹ 50,000 in the beginning of each half year and Geeta withdrew ₹ 70,000 at the end of each half year.

The profit of the firm for the year ended 31-3-2019 before allowing interest on Geeta's loan was ₹ 7,06,750.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account. **6**

20. Pass necessary journal entries for the issue of debentures in the following cases :

(i) Issued ₹ 2,00,000 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% redeemable at a premium of 15%.

(ii) Issued 4,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of 5% redeemable at a premium of 10%.

